M.Ed - III Sem
(CC-10)

Page: 8
Date:

# अनुसंधान का अर्थ (Meaning of Research)

अनुसंधान वर्तमान ज्ञान के परिमार्जन एवं नवीन ज्ञान के सृजन की एक प्रक्रिया है।
सुनियोजित ढंग से समस्याओं का समाधान खोजने की यह एक वैज्ञानिक विधि है।
अंग्रेजी भाषा में अनुसंधान का पर्याय Research है अर्थात

Re + Search
↓
बार-बार + खोज

अर्थात बार-बार खोज करना इसका शाब्दिक अर्थ है। Re एवं अनु वास्तव में गम्भीरता से कार्य सम्पादित करने के द्योतक है। अर्थात "गम्भीरता, गहनता एवं विश्लेषणात्मक ढंग से किसी एक समस्या का आलोचनात्मक अध्ययन करके उसका समाधान खोजना ही अनुसंधान है।"

① "नवीन ज्ञान की प्राप्ति के लिए किये जाने वाले व्यवस्थित प्रयास को हम अनुसंधान कहते है।" — एल॰ वी॰ रैडमैन

"Research is systematic effort to gain new knowledge" - L.V. Redman

② "अनुसंधान किसी समस्या के अच्छे समाधान के लिए क्रमबद्ध तथा परिष्कृत तकनीक है।"

"Research is simply a systematic and refined techniques to obtain a more adequate solution of a problem"

Scanned by CamScanner

उपरोक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि अनुसंधान किसी अपूर्ण और मौलिक समस्या का समाधान खोजने का एक ऐसा व्यवस्थित, वस्तुनिष्ठ, सोद्देश्य, तर्कसंगत तथा इन्द्रियानुभविक प्रयास है जिसमें वैज्ञानिक विधि का प्रयोग किया जाता है।

## Nature of Research →

1. अनुसंधान कार्य सदैव किसी अनुभूत समस्या का समाधान करता है या समाधान करने की ओर प्रवृत्त होता है।
2. इसमें दो या दो से अधिक चरों के बीच विद्यमान सम्बन्ध को ज्ञात करने का प्रयास करते हैं।
3. इसके द्वारा किसी नवीन सामान्यीकृत तथ्य अथवा सिद्धान्त का विकास करने का प्रयास किया जाता है।
4. अनुसंधान के परिणाम अवलोकित अनुभवों (observed experience) या अनुभाविक प्रमाणों (Empirical evidence) पर आधारित होते हैं।
5. अनुसंधान कार्य में सही मापन के द्वारा प्रदत्त (Data) प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।
6. अनुसंधान कार्य में प्राथमिक स्रोतों (Primary sources) से नवीन संमकों का संकलन तथा विश्लेषण किया जाता है।
7. अनुसंधान कार्य सुनियोजित (well planned) ढंग से सम्पन्न किया जाता है।
8. अनुसंधान कार्य को करने में विशेषज्ञता (Expertise) की जरूरत होती है।

Scanned by CamScanner

(9) अनुसंधान सदैव वस्तुनिष्ठ (Objective) तथा तर्कसंगत (Logical) होता है।

(10) अनुसंधान सदैव धैर्य (Patience) से युक्त तथा अफरा तफरी (Hurry) से विमुक्त प्रक्रिया है।

(11) अनुसंधान औपचारिक (Formal) क्रिया होती है

(12) अनुसंधान कार्य की पुनरावृत्ति (Replication) की जा सकती है।

## अनुसंधान के प्रकार
## (Types of Research)

अनुसंधानो को प्रकारों में बाँटकर वर्गीकृत करना निःसंदेह एक कठिन कार्य है फिर भी अनुसंधान के कुछ प्रमुख वर्गीकरण इस प्रकार हैं:-

(A) अनुसंधान के उद्देश्यों के आधार पर (Classification according to objectives of Research)

(a) **मौलिक अनुसंधान (Fundamental Research)**

इन्हें मूल अनुसंधान (Basic Research) या (Pure Research) भी कहा जाता है तथा इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों के द्वारा नये ज्ञान अर्थात् नवीन सिद्धान्तों, नवीन तथ्यो (Facts) अथवा नये सत्यों (Truth) को प्रतिपादित किया जाता है।

(b) **व्यावहारिक / प्रयुक्त अनुसंधान (Applied Research)**

इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों के द्वारा पूर्व में ज्ञात सिद्धान्तों, तथ्यों अथवा सत्यों का प्रयोग करके किसी उपयोगी वस्तु (ऑब्जेक्ट) या उपयोगी प्रक्रिया का विकास किया जाता है। "प्रयुक्त अनुसंधान को वस्तुतः मौलिक अनुसंधान के परिणामों का व्यावहारिक परिस्थितियों में अनुप्रयोग कहा जा सकता है।"

## (C) क्रियात्मक अनुसंधान (Action Research)

इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों में तत्कालिक (Immediate) व स्थानीय (Local) प्रकृति की समस्याओं का समाधान वैज्ञानिक ढंग से खोजने का प्रयास किया जाता है। कुछ विद्वान इस अनुसंधान को वास्तविक अनुसंधान के रूप में स्वीकार नहीं करते हैं।

## (B) अनुसंधान विधि के आधार पर वर्गीकरण (Classification according to Research Method)

## (a) ऐतिहासिक अनुसंधान (Historical Research):-

इस प्रकार के अनुसंधानों में ऐतिहासिक विधि का प्रयोग किया जाता है। ऐतिहासिक अनुसंधान वस्तुतः अतीत (Past) का अध्ययन करके "क्या था (What was)" प्रश्न का उत्तर देता है इस प्रकार के अनुसंधानों की विषय-वस्तु ऐतिहासिक सामग्री होती है।

Scanned by CamScanner

(b) वर्णनात्मक अनुसंधान (Descriptive Research)

इस प्रकार के अनुसंधानों में वर्णनात्मक विधि का प्रयोग किया जाता है। वर्णनात्मक अनुसंधान वस्तुतः वर्तमान (Present) में विद्यमान परिस्थितियों का अध्ययन करके 'क्या है?' (What is?) प्रश्न का उत्तर देता है। सर्वेक्षण (Survey), घटनोत्तर अध्ययन (Ex-Post-facto study), इकाई अध्ययन (case study) कुछ प्रमुख वर्णनात्मक अनुसंधान की विधियां हैं। इससे अध्ययन की विषय-वस्तु वर्तमान परिस्थितियों व उनसे प्राप्त सूचनाएँ होती हैं।

(c) प्रयोगात्मक अनुसंधान (Experimental Research)

इस प्रकार के अनुसंधानों में प्रयोगात्मक विधि का प्रयोग किया जाता है। प्रयोगात्मक अनुसंधान वस्तुतः भावी (future) परिस्थिति का अनुमानिक अध्ययन करके 'क्या होगा?' (What will be?) प्रश्न का उत्तर देता है। इनमें किसी चर/चरों को नियन्त्रित या प्रहस्तित (manipulate) करने पर घटनाक्रम पर पड़ने वाले उसके प्रभाव का अध्ययन किया जाता है।

Scanned by CamScanner

(C) अनुसंधान उपागम के आधार पर वर्गीकरण (Classification according to Research Approach)

ⓐ <u>गुणात्मक अनुसंधान</u> (Qualitative Research) →

गुणात्मक अनुसंधान के क्रिया-कलाप गुणात्मक घटनाक्रमो पर केन्द्रित रहते है। दार्शनिक अनुसंधान, ऐतिहासिक अनुसंधान प्रकृतिजन्य जाँच आदि गुणात्मक प्रकार के अनुसंधान है।

ⓑ <u>मात्रात्मक अनुसंधान</u> (Quantitative Research) →

मात्रात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत मात्रात्मक प्रकार से मापित हो सकने वाली घटनाओं का अध्ययन किया जाता है। सर्वेक्षण, घटनोत्तर अध्ययन, प्रयोगात्मक अनुसंधान आदि इसके उदाहरण है।

ⓒ <u>मिश्रित अनुसंधान</u> (Mixed Research)

मिश्रित अनुसंधान के अन्तर्गत शोधकर्ता के द्वारा गुणात्मक तथा मात्रात्मक उपागम दोनो का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार के अनुसंधानो में कुछ उद्देश्यो की पूर्ति के लिए गुणात्मक अनुसंधान तथा कुछ उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मात्रात्मक ढंग से सूचनाओं का संकलन व विश्लेषण किया जाता है।

Scanned by CamScanner

# अनुसंधान के सोपान (Steps of Research)

प्रत्येक अनुसंधान प्रक्रिया में किसी न किसी रूप में निम्नांकित सात प्रमुख सोपानों का अनुसरण किया जाता है –

(1) अनुसंधान समस्या का चयन
(Selection of Research Problem) →:

(2) परिकल्पना का प्रतिपादन
(Formulation of Hypothesis) →:

(3) अनुसंधान अभिकल्प की रचना
(Preparation of Research Design) →:

(4) प्रतिदर्श का चयन (Selection of Sample) →:

(5) समंको का संकलन (collection of data) →:

(6) समंको का विश्लेषण (Analaysis of data) →:

(7) परिणामों का सामान्यीकरण (Generalization of Results) →:

इन सोपानो के अतिरिक्त अनुसंधान के दौरान सम्बन्धित साहित्य की समीक्षा (Review of Related literature) करना भी अनुसंधान प्रक्रिया का एक प्रमुख अंग होता है। परन्तु यह कोई स्वतन्त्र सोपान न होकर समस्या

Scanned by CamScanner